# University in News on 15 April 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

## i-NEXT PAGE 6

# एमए अरेबिक एग्जाम 18 से

lucknow@inext.co.in



LUCKNOW (14 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पीजी के कई और कोर्सों के फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम का कार्यक्रम जारी कर दिया है. एमए अरेबिक एंड अरब कल्चर सिविलाइजेशन फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम 18 से 23 अप्रैल तक होगा. एमकाम फर्स्ट सेमेस्टर सीबीसीएस का एग्जाम 19 से 29 अप्रैल और एमएससी जियोलाजी फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम 21 से 29 अप्रैल तक होंगे.

### एग्जाम प्रोग्राम पर एक नजर

**एमए अरेबिक एंड अरब कल्चर फर्स्ट सेमेस्टर**

- 18 अप्रैल- अरब कंट्रीब्यूशन टू लिट्रेचर
- 19 अप्रैल-अरब कंट्रीब्यूशन टू हिस्ट्रोग्राफी एंड जियोग्राफी
- 20 अप्रैल- अरब्स कंट्रीब्यूशन टू आर्किटेक्चर एंड अदर फाइन आर्ट्स
- 21 अप्रैल- इंडो-अरब रिलेशन
- 22 अप्रैल-अरब्स इन द मार्डन स्टाइल ऑफ अरब्स

23 अप्रैल-सोसियो इकोनामिक्स सिस्टम ऑफ द अरब्स

**एमकाम फर्स्ट सेमेस्टर**

- 19 अप्रैल- अकाउंटिग थ्योरी एंड प्रैक्टिस
- 21 अप्रैल- वर्किंग कैपिटल मैनेजमेंट
- 23 अप्रैल- डायरेक्ट टैक्स ला एंड अकाउंट्स
- 25 अप्रैल- इंडियन एंड ग्लोबल बिजनेस
- 27 अप्रैल- मार्केटिंग मैनेजमेंट
- 29 अप्रैल-बिजनेस एथिक्स एंड कारपोरेट गवर्नेंस

**एमएससी अप्लाइड जियोलाजी सेमेस्टर-1**

- 21 अप्रैल- बेसिक आफ अर्थ साइंस
- 23 अप्रैल- सेडिमेंटोलाजी
- 25 अप्रैल- स्ट्रैटिजीग्राफी
- 27 अप्रैल- मिनरालाजी
- 29 अप्रैल- एनवायरमेंट एंड नेचर डिजास्टर

### 20 मई तक कॉलेजों को संबद्धता

LUCKNOW(14 APR): लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2022–23 में बीएड पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य नए महाविद्यालयों को खोलने और वर्तमान में चल रहे संस्थानों में अतिरिक्त विषयों को शुरू करने के लिए 20 मई तक ऑनलाइन संबद्धता देगा. इसके लिए शासन के आदेश पर नई समय सारिणी जारी की गई है. कॉलेजों को 30 अप्रैल तक निरीक्षण मंडल के गठन के लिए आवेदन करना होगा. विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली के सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया है. गौर तलब है कि ये चार जिले हाल में ही लखनऊ यूनिवर्सिटी से संबद्ध किए गए हैं.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# एलयू : बीपीएड-एमपीएड प्रवेश आवेदन आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र 2022-23 की चल रही प्रवेश आवेदन प्रक्रिया के क्रम में बीपीएड, एमपीएड व एमएड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू हो रही है। विवि प्रशासन के अनुसार, बीपीएड-एमपीएड के लिए सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी के लिए आवेदन शुल्क 1800 व एससी-एसटी व पीएच के लिए 800 रुपये है। वहीं, लविवि प्रशासन ने शासन के निर्देश पर बीएड को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रम के नए कॉलेज/संस्थान खोले जाने तथा वर्तमान कॉलेज/संस्थान में यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों संबधित प्रस्तावों के निस्तारण की तिथि बढ़ा दी है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह के अनुसार, निरीक्षण मंडल के गठन के लिए आवेदन 20 अप्रैल तक, निरीक्षण मंडल का गठन 30 अप्रैल तक होगा। निरीक्षण मंडल ऑनलाइन निरीक्षण आख्या 14 मई तक देगा और विवि ऑनलाइन संबद्धता आवेदन 20 मई तक देगा। उन्होंने इसकी सूचना लखनऊ समेत नए जुड़े रायबरेली, सीतापुर, हरदोई व लखीमपुर खीरी के संबद्ध कॉलेजों को भी दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू-एकेटीयू में बाबा साहेब को याद किया

**आयोजन**

**लखनऊ, संवाददाता।** एलयू के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने डॉ. आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन, मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन एकेडमिक्स प्रो राकेश चंद्रा, डॉक्टर ओपी शुक्ला, डॉक्टर राजेश्वर यादव, डॉक्टर राहुल पांडे, डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. यच एन प्रसाद आदि मौजूद थे।

एकेटीयू में भी गुरुवार को आंबेडकर जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो.प्रदीप कुमार मिश्र ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के मुख्य सभागार का नाम डॉ. आंबेडकर सभागार कर दिया।



राष्ट्रीय कथक संस्थान की ओर से आम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में गुरुवार को कथक संध्या नवचेतना का आयोजन हुआ। इस दौरान नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**सफाई कर्मियों को सम्मानित किया:** यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ नेकैसरबाग बस स्टेशन परिसर में सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश मिश्रा मौजूद थे। परिवहन निगम श्रमिक समाज कल्याण संघ ने कैसरबाग स्थित अवध बस डिपो पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब को याद किया। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री बनारसी राम मौजूद थे। वहीं आलमबाग बस टर्मिनल पर रक्तदान शिविर लगा।

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : 20 मई तक आनलाइन मिलेगी कालेजों को सम्बद्धता

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2022-23 में बीएड पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य नए महाविद्यालयों को खोलने और वर्तमान में चल रहे संस्थानों में अतिरिक्त विषयों को शुरू करने के लिए 20 मई तक आनलाइन सम्बद्धता देगा। इसके लिए शासन के आदेश पर नई समय सारिणी जारी की गई है। कालेजों को 30 अप्रैल तक निरीक्षण मंडल के गठन के लिए आवेदन करना होगा।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली के सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जितने भी कालेजों के आवेदन आएंगे, उस आधार पर 30 अप्रैल तक निरीक्षण मंडल का गठन कर दिया जाएगा। उनकी रिपोर्ट आनलाइन जमा करने के लिए 14 मई तक समय तय किया गया है।


## FIRST INDIA PAGE 13

### PAYING TRIBUTE





On the birth anniversary of Babasaheb Dr Bhimrao Ambedkar, Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai paid his respects by garlanding him at Lucknow University on Thursday. Dean Student Welfare Prof Poonam Tandon, Chief Proctor Prof Rakesh Dwivedi, Dean Academics Prof Rakesh Chandra, Dr OP Shukla, Dr Rajeshwar Yadav, Dr Rahul Pandey, Dr Amarendra Kumar, Dr Yach N Prasad and the university students were present with him during the program.




CITY FIRST

On the ceremonial day of 131st Dr Bhim Rao Ambedkar Jayanti, the Legal Aid Center, Faculty of Law, the University of Lucknow, determined with the objective of providing 'Equal Access to Justice for All', had engineered an online webinar. The theme of the event was- Incorporation of the Ideology of Dr B.R. Ambedkar in the Constitution of India.

Prof (Dr) CP Singh, Head & Dean, Faculty of Law, University of Lucknow, served as the keynote speaker, sharing his thoughts on the session's central theme. The chief guest Arvind Kumar, a Post-Graduate Research Scholar, at the Department of Politics (IR and Philosophy), University of London, apprised the audience about the life of the Indian jurist and economist Dr Bhim Rao Ambedkar and covered other issues like the inclusion of Universal Adult Franchise into the Constitution of India.

Lastly, as a part of extending appreciation towards the speaker, Anupam Gupta, Student Convenor of the Legal Aid Center, culminated the event by giving the vote of thanks and avowing the Pro-Bono functioning of the Center. He shared that the heterogeneity of Kumar's thoughts and insights made the session an interactive one.

—cityfirst@firstindia.co.in